भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो में हिंदी माह 2023 का शुभारंभ

भाकृअनुप राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो में 14 सितम्बर 2023 को हिंदी माह का शुभारंभ निदेशक महोदय डॉ. उत्तम कुमार सरकार, मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कुमार सिंह, पूर्व निदेशक, भाकृअनुप शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान निदेशालय एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. (लेफ्टिनेंट कर्नल) अजीत सिंह राजावत, एएमसी, लखनऊ की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर संस्थान की वार्षिक गृह पत्रिका मत्स्य लोक का विमोचन किया गया। निदेशक महोदय डॉ. सरकार ने राजभाषा महत्ता के बारे में बताते हुए, कार्यालय में हिन्दी के ज्यादा से ज्यादा प्रयोग एवं ई-ऑफिस, वार्षिक प्रतिवेदन, मत्स्य लोक और अन्य विभिन्न हिन्दी में प्रकाशित पुस्तकें आदि हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजावत ने बताया कि राजभाषा हिंदी सब को एकजुट होकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है। मुख्य अतिथि डॉ. सिंह ने राजभाषा में मात्स्यिकी शब्दावली तैयार करने और उसे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में संस्थान के अनेक सदस्यों ने राजभाषा पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए और राजभाषा के महत्व को बताते हुए प्रयोगिताओं में बड़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम राजभाषा प्रतिज्ञा एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।